NT>

**Title:** Need to release the balance amount due to Uttar Pradesh Government under Family Planning Programme.

डा. महादीपक सिंह शाक्य (एटा): परिवार कल्याण कार्यक्रम भारत सरकार और प्रदेशीय सरकार के सहयोग से चलाया जाता है, जिसमें खर्च होने वाला धन २० प्रतिशत राज्य सरकार और ८० प्रतिशत केन्द्र सरकार देती है। उत्तर प्रदेश में धन के अभाव के कारण यह कार्य पूर्ण रूप से चलाने में वहां की सरकार को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि केन्द्र सरकार ने अब तक अपने हिस्से की राशि राज्य सरकार को नहीं दी है। निर्धारित योजना के अनुसार चालू वर्ष १९९८-९९ के आरम्भ में ३३०,८४.३२ लाख रुपए केन्द्र सरकार पर अवशेष थे, जिसमें १२५०० लाख रुपए प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं और २०५८४.३२ लाख रुपए अभी शेष हैं, जिसके कारण परिवार कल्याण कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न हो रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त अवशेष राशि को उत्तर प्रदेश राज्य को तुरंत भेजा जाए।